PUBLICATION : RAJASTHAN PATRIKA (RJP)

EDITION : NEW DELHI

DATE : 25TH APRIL 2013, PAGE NO. : 17

जयपुराइट्स लव फिक्शन

plus रिपोर्टर
plusreporter@patrika.com

यंग राइटर अमीष त्रिपाठी की शिवा ट्रायलॉजी सीरीज की थर्ड बुक 'द ऑथ ऑफ द वायुपुत्राज' जयपुराइट्स की मोस्ट फेवरिट बुक बनकर उभरी है। दूसरे स्थान पर अश्विन सांघी की 'द कृष्णा की' है। ऐसे में कहा जा सकता है कि शहर के युवा फिक्शन नॉवल्स को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। खासकर शिवा ट्रायलॉजी की तीनों बुक्स जयपुर के युवाओं ने सबसे ज्यादा पढ़ी है।

वर्ल्ड बुक डे पर पत्रिका प्लस ने शहर के बुकस्टोर्स का जायजा लिया तो, सामने आया कि युवाओं को न सिर्फ फिक्शन नॉवल्स पसंद आ रहे हैं, बल्कि इस तरह के नॉवल्स को पढ़ने वालों की संख्या में भी 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है।







इन्हें भी पढ़ते हैं युवा

जयपुराइट्स लव स्टोरीज बुक्स भी पसंद कर रहे है। इनमें 'लाइफ इज वॉट यू मेक इट', 'कैन लव हैप्पन ट्वाइस', 'इट्स ऑल अबाउट लव', 'नथिंग फॉर यू माई डियर...' और 'द सीक्रेट विश लिस्ट' जैसी लव स्टोरीज बुक्स को भी काफी पसंद किया जा रहा है। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर बुक्स यंग इंडियन ऑथर्स ने लिखी है।

एक साल में अमीष की शिवा ट्रायलॉजी की बुक्स को जयपुराइट्स ने ज्यादा पढ़ा है। तीसरी बुक 'द ऑथ ऑफ द वायुपुत्राज' की 1 हजार कॉपी बिकी हैं। अन्य फिक्शन भी काफी बिक रहे हैं।

राजीव कपूर
मैनेजर, क्रॉसवर्ड

60 फीसदी युवा फिक्शन बुक को पसंद कर रहे हैं। इसके बाद लव स्टोरीज, मोटिवेशनल और बायोग्राफी पर आधारित बुक्स का नम्बर है। ज्यादा पढ़ी जाने वाली बुक 'द ऑथ ऑफ द वायुपुत्राज' है।

नरेन्द्र सिंघवी
बुकशॉप कीपर, एमआईरोड